हरि नाम के हीरा मोती मैं बिखराऊँ गली गली | By Malti Bhargava |

हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

ले लो रे कोई राम के प्यारे
शोर मचाऊँ गली गली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

धर जोगी का भेष जगत में
अलख जगाऊँ गली गली
सोने वालों अब तो जागो
शोर मचाऊँ गली गली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

दौलत के दीवाने सुन लो
एक दिन ऐसा आएगा
धन दौलत और माल ख़ज़ाना
यहीं पड़ा रह जाएगा
सोना काया माटी होगी
चर्चा होगी गली गली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

क्या करता है मेरा मेरा
तज दे इस अभिमान को
झूठे धंधे छोड़ के बंदे
भज ले हरि के नाम को
दो दिन को ये चमन खिला है
फिर मुरझाए कली कली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

जिस जिस ने ये मोती लूटे
वो सब मालामाल हुए
धन दौलत के बने पुजारी
आख़िर में कंगाल हुए
सोना चाँदी वालों सुन लो
बात बताऊँ भली भली

हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

जिनको अपना अपना कहते
आग पे तुझे सुलाएँगे
भाई बंधु और सगे संबंधी
कोई काम न आएँगे
राम आएँगे काम तुम्हारे
जब होगी तेरी चला चली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

ले लो रे कोई राम के प्यारे
शोर मचाऊँ गली गली
हरि नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली
राम नाम के हीरा मोती
मैं बिखराऊँ गली गली

हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
राम राम राम राम
राम राम बोल

हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल
हरि बोल हरि बोल
हरि हरि बोल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%bf/